Newspaper: Punjab Kesari (New Delhi)

Date: 27/04/2023

आधार सक्षम ई-केवाईसी में 16% की हुई वृद्धि

आधार धारकों ने मार्च में 2.31 बिलियन का किया लेन-देन

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): आधार धारकों ने मार्च 2023 के महीने में लगभग 2.31 बिलियन प्रमाणीकरण लेनदेन किए हैं, जो देश में आधार के बढ़ते उपयोग और डिजिटल अर्थव्यवस्था के विकास का संकेत है। जबकि फरवरी में 2.26 बिलियन प्रमाणीकरण लेन-देन किया गया था। बता दें कि अधिकांश लेन-देन बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट का उपयोग कर किए जाते हैं। इसके बाद जनसांख्यिकीय और ओटीपी प्रमाणीकरण होते हैं। आधार ई-केवाईसी सेवा बैंकिंग और गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवाओं के लिए पारदर्शी और बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करके और व्यापार करने में आसानी के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मार्च 2023 के दौरान 311.8 मिलियन से अधिक ईकेवाईसी लेनदेन किए गए, जो फरवरी के मुकाबले 16.3 फीसदी से अधिक है। गौरतलब

है कि ई-केवाईसी को अपनाने से वित्तीय संस्थानों, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं और अन्य जैसी संस्थाओं की ग्राहक अधिग्रहण लागत में भी काफी कमी आई है। मार्च 2023 के अंत तक अब तक आधार ई-केवाईसी लेनदेन की संचयी संख्या 14.7 बिलियन से अधिक हो गई है। ई-केवाईसी पर 175 संस्थाएं सक्रिय हैं। गौरतलब है कि वयस्क आबादी के बीच आधार संतृप्ति लगभग सार्वभौमिक बनी हुई है। मार्च के महीने के दौरान 21.47 मिलियन से अधिक आधार को निवासियों के अनुरोधों के बाद अपडेट किया गया है।